श्री विशम्भर प्रसाद निषाद: महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाये गये विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

MR. CHAIRMAN: Zero Hour is over. Now, Special Mentions. श्री प्रदीप टम्टा। वे उपस्थित नहीं हैं। श्री सकलदीप राजभर।

SPECIAL MENTIONS

Demand to grant special economic package to revive sugar and spinning mills in eastern Uttar Pradesh

श्री सकलदीप राजभर (उत्तर प्रदेश): महोदय, उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में आने वाले जनपद बलिया में किसान सहकारी गन्ना मिल रसड़ा, कताई मिल, रसड़ा व जनपद गाजीपुर में पूर्वांचल कताई मिल, बहादुरगंज और जनपद मऊ में स्पिनिंग कताई मिल, परदहा, स्वदेशी कॉटन मिल, मऊ, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही थी, जिससे यहाँ के लोगों को रोज़गार प्राप्त हो रहा था। ये सभी उद्यम बन्द हो गये। परिणामतः इन मिलों में काम करने वाले सभी कर्मचारी बेरोज़गार हो गये। अब इन मिलों में काम करने वाले कर्मचारियों के परिवार भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके हैं। गन्ना मिलों के बन्द होने से और कोई अन्य गन्ना मिल न होने से गन्ना किसानों ने गन्ने की फसल लगाना ही छोड़ दिया। गन्ना किसानों की मुख्य नकदी फसल रही है, जिससे गन्ना किसान लाभान्वित होकर अपने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, शादी-विवाह औसत दर्जे में करके भी खुशहाल रहे हैं। कई बार वर्तमान राज्य सरकार द्वारा इन मिलों को चलाने के लिए आर्थिक पैकेज देकर प्रयास किया गया, लेकिन धन आवंटित करने के उपरान्त भी इन मिलों का संचालन आज तक नहीं हो सका।

अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जनपद बलिया, मऊ और गाजीपुर में बन्द पड़ी गन्ना मिल और कताई मिल को केन्द्र से विशेष आर्थिक पैकेज देकर चालू कराने की कृपा करें, ताकि इन क्षेत्रों के बेरोज़गार युवक-युवतियों को रोज़गार मिल सके और ग्रामीण बेरोज़गारों का शहर की तरफ पलायन रोका जा सके तथा किसानों के हित में केन्द्र सरकार की मंशा के अनुरूप इनकी आय को दोगुना किया जा सके।

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI BHASKAR RAO NEKKANTI (Odisha): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

श्री सभापति: सकलदीप जी, धन्यवाद। सदस्यों को इस बात को ध्यान में रखना है कि स्पेशल मेंशन को पढ़ना है, जो आपने दिया है और ज़ीरो ऑवर में जो परमिशन दी गयी, उसमें बोलना है, उसमें पढ़ना नहीं है और इसमें जो लिख कर दिया है, उसी को पढ़ना है। डा. किरोड़ी लाल मीणा।

Demand to connect delhi-vadodara express highway through an approachable road to a sacred place of tribals near district dausa, rajasthan

डा. किरोड़ी लाल मीणा (राजस्थान): माननीय सभापति जी, राजस्थान के जिला दौसा में National Highway 11A के KM 16.5/00 पर आदिवासियों का एक बहुत बड़ा पवित्र स्थल है, जिसके करीबन 2.5 किमी दूरी से दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेसवे गुजर रहा है। राज्य में निवास करने वाले करीबन 13.5 प्रतिशत आदिवासियों की माँग है कि उक्त स्थल को दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेसवे के KM 199/00 के पास clover leaf बना कर व्यापक जनहित में इस स्थान को जोड़ा जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में माननीय मंत्री, भूतल एवं परिवहन विभाग तथा NHAI के अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देकर माँग की जा चुकी है। इस सम्बन्ध में NHAI के PD, दौसा द्वारा एक पत्र क्रमांक 23011/21/पकाई/दौसा/भारतमाला/VIP Ref./Clover leaf/7770 दिनांक 02.03.2021, NHAI के उच्चाधिकारियों को लिखा गया है। आदिवासियों के सबसे बड़े स्थान के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए पैकेज नं. 7 के चैनल संख्या 199.817 पर एक माइनर ब्रिज का निर्माण किया जा चुका है। IRC:92:2017 के अनुसार उक्त स्थान पर clover leaf निर्माण हेतु लगभग 7.30 हेक्टेयर भूमि वांछनीय है। इस भूमि की आवाप्ति की आवश्यकता इसलिए नहीं है कि सम्पूर्ण भूमि सरकारी भूमि है, इस स्थान पर clover leaf बनाये जाने हेतु करीबन 50-60 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। उक्त महत्वपूर्ण कार्य हेतु change of scope वांछनीय है। अतः उक्त स्थान पर एक अप्रोच रोड के जरिए दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेसवे से आदिवासी स्थल को जोड़ा जाये।

DR. SASMIT PATRA: Sir, I associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI BHASKAR RAO NEKKANTI: Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

Demand for the establishment of AIIMS in Sundargarh, Odisha

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, the Odisha Government has proposed to the Centre to set up an AIIMS in Sundargarh district. Since a second AIIMS has already been established in Bihar and a similar proposal is under consideration in another State, it is proposed that a second AIIMS may be considered at Sundargarh. The second largest district of the State, Sundargarh is a tribal dominated district with 50.7 per cent tribal population, the second highest tribal population district in the State.